## केमिकल मिलाकर इस्तेमाल हुई चायपत्ती दोबारा पैक कर बेच रहे:बाराबंकी में अवैध फैक्ट्री सील, 800 किलो नकली पत्ती बरामद



इस्तेमाल की जा चुकी चायपत्ती को दोबारा रंगकर नई पैकेजिंग में बाजार में बेचा जा रहा। यूपी STF और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की संयुक्त टीम ने शनिवार शाम 4:30 बजे बाराबंकी में एक घर के अंदर संचालित ऐसी ही नकली चाय पत्ती फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने संचालक को गिरफ्तार कर फैक्ट्री सील कर दी है।

करीब तीन घंटे चली छापेमारी में 800 किलो रंगी हुई चाय पत्ती, 5 किलो कृत्रिम रंग और पैकिंग सामग्री बरामद हुई। जांच में सामने आया कि होटलों और ढाबों से इस्तेमाल के बाद फेंकी गई चाय पत्ती को दोबारा तैयार कर ब्रांडेड नामों से बाजार में बेचा जा रहा था। कार्रवाई जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर बड्डूपुर थाना क्षेत्र में की गई।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/barabanki/news/barabanki-800kg-fake-tea-seized-stf-fsda-action-case-filed-138364447.html